सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/82 दिनांक : 09–5–2017

''व्यापारी भाईयों से विनम्र अपील''

हम सभी व्यापारी भाईयों को दु:ख के साथ सूचित करते हैं कि पिछले दिनों चर्च रोड स्थित सिंडिकेट बैंक के नजदीक कुछ दुकानों पर अचानक भीषण आग लगने के कारण व्यापारियों को बहुत सा सामान जल कर राख हो गया तथा कुछ सामान को क्षति पहुंची, इसके लिए हमें बहुत खेद है। कश्मीरी गेट थानाध्यक्ष श्री मंगेश गेदम जी एवं अग्निशमन के उच्च अधिकारी श्री जी.एस. मिश्रा जी दुर्घटना स्थल पर समय पर पहुँचे एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए मार्किट में लगी आग पर तुरन्त काबू पाया, उसके लिए अपमा की समस्त कार्यकारिणी सदस्य उनका आभार प्रकट कर धन्यवाद करते है।

साथियों, दुकानों/प्रतिष्ठानों के साथ–साथ जान–माल की सुरक्षा हेतु आपसे विनम्र अनुरोध करते है कि दुकान/प्रतिष्ठान को बंद करने से पहले बिजली के स्वीच बटन एवं मेन स्वीच को बन्द करके जाए, दुकानों के सामने गलियों में सामान न रखें और गली साफ रखें, जिससे आने–जाने वालों को कोई कठिनाई ना हो तथा ज्वलनशील पदार्थो को अपनी दुकानों पर बिल्कुल न रखें, जैसे कि डीजल, पेट्रोल इत्यादि, दुकानों पर अग्नि शमन यन्त्र (Fire Extinguisher) अवश्य रखें, जिससे छोटी–मोटी आग पर तुरन्त काबू पाया जा सके और सामान की हानि होने से बच सके। व्यापारी भाईयो, अपना सामान सदैव दुकानों के अन्दर रखें, आने–जाने वालों के लिए गली को साफ रखें और सुरक्षित रहें।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव